an>

Title: Regarding policy for opening of new Passport Sewa Kendras in the country.

डॉ. प्रीतम गोपीनाथ मुंडे (बीड): मैडम स्पीकर, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। आज मैं आपके माध्यम से विदेश मंत्रालय का ध्यान आष्कृÂट करना चाहती हूं कि पूरे महाराÂष्ट्र में पासपोर्ट आफिसेज की संख्या काफी कम है। फिलहाल मुंबई, पुणे, नागपुर और ठाणे यहीं चार कार्यालय कार्यान्वित हैं। मराठवाड़ा भाग की जनसंख्या लगभग दो करोड़ के आसपास है और इस इलाके की जो कनेक्टिविटी बड़े शहरों से है, वह भी काफी कम है। किसी भी बड़े शहर में जाने के लिए कम से कम तीन सौ से चार सौ किलोमीटर की दूरी तय करके जाना पड़ता है। हालांकि आजकल पासपोर्ट ऑनलाइन एप्लीकेशन एवलेबल है, पर लेने के लिए और पर्सनल वेरीफिकेशन के लिए खुद जाना पड़ता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए, मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहती हूं कि मराठवाड़ा रीजन में एक पासपोर्ट आफिस खुले।

मैडम, यहां से हर साल काफी लोग हज यात्रा के लिए जाते हैं। मराठवाड़ा सूखे से प्रभावित क्षेत्र है, इससे सभी लोग अवगत हैं। आज की युवा पीढ़ी शिक्षा की तरफ और नयी-नयी नौकरियों की तरफ, विदेशों में जाकर नए पड़ाव हासिल करना चाहती है। उनकी सहूलियत के लिए ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि कभी-कभी पासपोर्ट के कैम्प्स, मेले भी लगाए जाते हैं। जब तक ये मेले न लगाए जाएं, तब तक लोगों को उनकी राह देखना पड़ता है। ऐसा उनको न करना पड़े और परमानेंट रूप में कोई सोल्यूशन उनके लिए उपलब्ध हो, इसके लिए मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहती हूं कि मराठवाड़ा रीजन में पासपोर्ट आफिस जल्द से जल्द खुलवाया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. प्रीतम गोपीनाथ मुंडे द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

12.54 hours

-

-

-

SUBMISSIONS BY MEMBERS